# अध्याय-1

"संशोधित"

## पात्रता परीक्षा संबंधी नियम

मध्यप्रदेश राज्य स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षणिक संवर्ग) सेवा शर्तें एवं भर्ती नियम, 2018 के अनुसार पात्रता परीक्षा निम्न शर्तों के अधीन आयोजित होगी:-

**1. पद का विवरण - उच्च माध्यमिक शिक्षक**

**2. पद की श्रेणी - द्वितीय (राजपत्रित)**

**3. पदों की संभावित संख्या**

| स.क्र. | पदों का विवरण | पदों की संखया (लगभग) |
|---|---|---|
| (1) | **उच्च माध्यमिक शिक्षक** | **17000** |

पदों की संख्या में कमी या वृद्धि हो सकती है। प्रथम चरण में 15,000 पदों की पूर्ति की जायेगी | शेष पदों की पूर्ति द्वितीय चरण में की जावेगी |

**3. पदों का वेतन**

| **स.क्र.** | **पदों का विवरण** | **वेतन** |
|---|---|---|
| 1. | उच्च माध्यमिक शिक्षक | न्यूनतम वेतन रूपये 36200+महंगाई भत्ता |

**टीप:- मध्यप्रदेश वेतन पुनरीक्षित नियम, 2017 के अनुसार |**

**4. आवेदन पत्र / निर्देश पुस्तिका**

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड (पी.ई.बी.) भोपाल के निर्देशानुसार होगा।

**5. परीक्षा केन्द्र**

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड (पी.ई.बी.) भोपाल के निर्देशानुसार होगा।

**6. (अ) निर्धारित शैक्षणिक योग्यता**

(1) **उच्च माध्यमिक शिक्षक** के लिए शैक्षणिक एवं शिक्षण प्रशिक्षण योग्यता निम्नलिखित अनुसार होगी :-
"संबंधित विषय में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि के साथ बी.एड़ या उसके समकक्ष"

**(ब)** "शैक्षणिक योग्यता संबंधी अर्हता अर्जन की संदर्भ तिथि उच्च माध्यमिक शिक्षक की नियुक्ति के लिए विभाग द्वारा जारी किये जाने वाले विज्ञापन की तिथि होगी | अर्थात् उस तिथि को अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा अंक सूची /उपाधि धारित किया जाना अनिवार्य होगा |"

05/10/18 5/10/18

